गौरा मैया तेरे लाल को मनाऊंगी

मैं तो हरा हरा अंगना लिपाऊगी,
गौरा मैया तेरे लाल को मनाऊंगी....

कोई लाया है चौकी कोई लाया है सिंहासन,
मैं तो मोतियन चौक पुराऊंगी,
गौरा मैया तेरे लाल को मनाऊंगी.....

कोई लाया कलश कोई दूधों के लोटा,
मैं तो माटी के कलश भराऊंगी,
गौरा मैया तेरे लाल को मनाऊंगी.....

कोई लाया है मुकुट कोई मोतियन की माला,
मैं तो हरी हरी दुर्वा चढ़ाऊगी,
गौरा मैया तेरे लाल को मनाऊंगी....

कोई लाया है मेवा कोई लाया है पेढ़ा,
मैं तो लड्डू का भोग लगाऊंगी,
गौरा मैया तेरे लाल को मनाऊंगी....

कोई लाया है ढोलक कोई लाया है मजीरा,
ताली बजा के भजन सुनाऊगी,
गौरा मैया तेरे लाल को मनाऊंगी....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28714/title/gaura-mayia-tere-laal-ko-manaugi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |